GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी
जिला शिक्षा अधिकारी।

यादी क्रमांक :– 8/6-2021 ACD (7)
दिनांक :– 26.07.2021

विषयः– **सुपर 100 कार्यक्रम के अन्तगर्त बैच 2021–23 के लिये विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु पुनः लिंक ओपन करने बारे।**

*****

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि सुपर 100 बैच 2021–23 के लिये विद्यार्थियों का online रजिस्ट्रेशन का लिंक दिनांक 26 जुलाई, 2021 से पुनः आरम्भ किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी लिंक 28 जुलाई, 2021 रात्रि 11:59 बजे तक खुला रहेगा। इस सन्दर्भ में आप निम्नानुसार कार्यवाही कर विभाग की शैक्षणिक शाखा को सूचित करें :–

1. अपने जिले में DSS तथा DMS को सुपर 100 का नोडल अधिकारी नियुक्त करें एवं उनका मोबाइल नं0 या दूरभाष सम्पर्क तथा पंजीकरण लिंक सभी आवेदकों व उनके अभिभावकों को उपलब्ध करवाएं।
2. जिन विद्यार्थियों ने राजकीय विद्यालयों सें 10वीं कक्षा की परीक्षा पास की है तथा वर्तमान में राजकीय विद्यालयों में 11वीं कक्षा में विज्ञान संकाय पढ़ रहे है ऐसे विद्यार्थी ही बैच 2021–23 के लिए पात्र होंगे तथा इन्हीं का ऑनलाइन लिंक पर रजिस्ट्रेशन करवाया जाए। इस हेतु विद्यार्थी की आयु NEET-2023 के लिए निर्धारित नियमों अनुसार होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।
3. आपके क्षेत्राधिकार के विद्यालयों से क्रमांक 2 पर उल्लेखित पात्रता रखने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों तक पहुँच बनाना सम्पर्क करना, कार्यक्रम की पूरी जानकारी देना, परामर्श देना, पंजीकरण करवाना तथा सभी पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों की जिलावार सूची विभाग के साथ सांझा करना आपकी जिम्मेवारी है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए आपकी टीम जिम्मेवार होगी।
4. सुपर 100 कार्यक्रम में पंजीकरण हेतु विभाग की वेबसाइट पर गूगल लिंक https://www.haryanasuper100.com/registration2021/ उपलब्ध है। **रजिस्ट्रेशन दिनांक 26.07.2021 से आरम्भ होगा रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 28.07.2021 (रात्रि 11:59 तक) होगी। उपरोक्त लिंक पर वही विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करवायें जिन्होंने पहले रजिस्ट्रेशन नहीं किया।**

5. सुपर 100 कार्यक्रम बैच 2021–23 के लिये विद्यार्थियों के चयन हेतु दिशानिर्देश समय–समय पर आपके साथ सांझा कर दिये जाएंगे।

आपसे आग्रह किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में अनुपालना सुनिश्चित करें।

नोटः– जिन विद्यार्थियों ने दिनांक 05.07.2021 से 10.07.2021 तक सुपर 100 कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया है उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करवाने की आवश्यकता नहीं है।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 26.07.2021**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सचिव, माननीय निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. संयुक्त निदेशक, आई0टी0 सैल को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने के निवेदनार्थ।
4. श्री नवीन मिश्रा, विकल्प केन्द्र रेवाड़ी को इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निवेदनार्थ।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला